06 एसडीएम ने एसआईआर के तहत मतदान...



07 स्थापना दिवस की पार्टी की तैयारियों में व्यस्त...



## विदिशा मंडी भाव

| | | |
|---|---|---|
| शरवती | 2650 | 3075 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 2810 |
| चना | 4400 | 5687 |
| मसूर | 5470 | 8260 |
| सोयाबीन | 2310 | 5210 |
| सरसों | 7200 | 7200 |
| धान | 1000 | 3191 |
| मूंग | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 2600 | 3150 |
| मक्का | 1230 | 1568 |
| धनिया | 0000 | 0000 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| उड़द | 3700 | 4000 |

## खबर संक्षेप

### साइकिल रैली का आयोजन आज

**विदिशा।** न्यायोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार सुबह 8:15 बजे जिला न्यायालय परिसर से साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। साइकिल रैली को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर न्यायालय परिवार के सदस्य, अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी व नागरिक सहभागी होंगे।

### जिला सहकारी संघ का सहकारी सप्ताह आज से

**विदिशा।** जिला सहकारी संघ का 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह आज 14 नवंबर से शुरू होने जा रहा है जो 20 नवंबर तक चलेगा। सहकारी सप्ताह के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त सहकारिता विदिशा डीके झारिया, जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक योगेंद्र सोनी ने बताया कि जिला सहकारी संस्था मर्या. विदिशा, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित कुरवाई, बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी, बीपैक्स सोसायटी बरीघाट, विपणन सहकारी संस्था मर्या. ग्यारसपुर, विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्या. सिरोंज, नागरिक सहकारी बैंक बासौदा, नागरिक सहकारी बैंक विदिशा में कार्यक्रम होंगे।

### अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री बने रामूराम जाट




**विदिशा।** इंदौर में हुई अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक में प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी राजस्थान मिष्ठान भंडार के संचालक रामूराम जाट को अखिल भारतीय जाट महासभा मप्र का संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह चाहर, प्रदेशाध्यक्ष विलास पटेल ने विदिशा के जिलाध्यक्ष लाखन सिंह जाट मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि के साथ व्यवसाय करना, मृत्यु भोज को कम करना, शिक्षा पर ध्यान देना नशे को बंद करना जैसे प्रस्ताव पारित किए गए।

### राजस्थान में मिली अपहृता नाबालिग

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने अपहृता नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलवाया। 4 अप्रैल को 17 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। पुलिस ने 12 नवंबर को राजस्थान से बालिका को सुरक्षित भोपाल लाकर परिजनों को सुपुर्द किया।

### हरिश्चंद्र जैन का निधन



**विदिशा।** रविकांत जैन, शशिकांत जैन ( नीटू ) के पिताजी सेवानिवृत शिक्षक हरिश्चंद्र जैन का गुरुवार को निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमारी थे। दोपहर 2 बजे अंतिम यात्रा निज निवास काली मस्जिद के पीछे रेलवे स्टेशन के पास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन और शहरवासी शामिल हुए।

## दूसरे दिन भी जारी रही भाजपा के पार्षदों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

# भाजपा पार्षदों के समर्थन में आए कांग्रेसी पार्षद, चौराहे पर फूंका सीएमओ का पुतला

**रात में चोरी हुए माइक सेट, 12 मांगों को लेकर भाजपा के पार्षदों का प्रदर्शन जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। नीमताल चौराहे पर धरना दे रहे भाजपा के पार्षदों के साथ कांग्रेसी पार्षदों ने मिलकर सीमएओ का पुतला जलाया।

नगरपालिका में पिछले डेढ़ साल से जारी सियासी गतिरोध अब खुलकर सामने आ गया है। अव्यवस्थित शहर और बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में पार्षदों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार से शुरू हुआ पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन गुरुवार को कांग्रेसी पार्षद भी इसमें शामिल हो गए हैं। गुरुवार को पार्षदों ने नीमताल चौराहे पर नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह का पुतला फूंका। पार्षद अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। इन मांगों में शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था में सुधार, कचरा वाहन टैक्स खत्म करना, विकास कार्यों को फिर से शुरू करना और भ्रष्टाचार पर रोक लगाना प्रमुख हैं। नेता प्रतिपक्ष पार्षद आशीष माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार इस हद तक बढ़ चुका है कि बिना पैसे के कोई काम नहीं होता।

उन्होंने कहा कि सीएमओ को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण शहर का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। माहेश्वरी ने बताया कि वे गांधीवादी और अहिंसात्मक तरीके से धरना दे रहे हैं, ताकि जनता से किए गए वादों को पूरा किया जा सके। धरना स्थल पर रखे माइक सेट बुधवार रात को कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। इसे भी एक साजिश के तौर पर देखा जा रहा है।

### मांगें नहीं मानी तो आंदोलन जारी रहेगा

पार्षद अशोक जाट ने सीएमओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो रोज पुतला दहन किया जाएगा। पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना ने स्पष्ट किया कि उनकी 12 सूत्रीय मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से कचरा वाहन टैक्स को तुरंत समाप्त करने की मांग की। यह तर्क देते हुए कि जब घर-घर कचरा वाहन नहीं जा रहे हैं तो टैक्स किस बात का लिया जा रहा है। धरनास्थल पर कांग्रेस के पार्षदों के अलावा अन्य कई पार्षद भी मौजूद रहे। सभी ने कहा कि जब तक नगरपालिका में सुधार नहीं होता और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं की जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। नगरपालिका में चल रहा यह सियासी गतिरोध अब प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

### मिशन कर्मयोगी में रश्मि धुर्वे ने प्रदेश स्तर पर पाया तृतीय स्थान

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित सीखो सप्ताह में सहकारिता विभाग विदिशा की उप अंकेक्षक रश्मि धुर्वे ने कर्मयोगी पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उनके परिश्रम, दक्षता और प्रशिक्षण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कर्मयोगी पोर्टल शासन के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एक प्रमुख ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच है, जिस पर 28 लाख से अधिक अधिकारी पंजीकृत हैं। रश्मि धुर्वे की यह सफलता न केवल व्यक्तिगत गौरव है, बल्कि जिले और विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। उपायुक्त श्री धुव कुमार झारिया एवं विभागीय साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियां प्रशासन को अधिक दक्ष और परिणामोन्मुख बनाने में सहायक होंगी।

### नटेरन में जलप्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण 22 मोटर पंप जब्त

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मध्यप्रदेश जल निगम की सगड़ हिनोतिया माली समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत निर्मित उच्च स्तरीय टंकी से संचालित पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य में मध्यप्रदेश जल निगम की संचालन एवं संधारण टीम, ग्राम पंचायत नटेरन के सरपंच तथा पुलिस थाना नटेरन के आरक्षक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जल जीवन मिशन की गाइडलाइन अनुसार नल कनेक्शन धारकों द्वारा जल आपूर्ति लाइन से अवैध रूप से मोटर पंप के माध्यम से जल उपयोग की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 22 मोटर पंप जब्त किए गए, जिन्हें पुलिस थाना नटेरन में जमा कराया गया है।यह कार्रवाई पेयजल के समुचित वितरण एवं सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

### 15 को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

**विदिशा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन आगामी शनिवार 15 नवम्बर को भव्य रूप से किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम अलीराजपुर और जबलपुर में होंगे। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से यह राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राज्य शासन स्तर से जारी निर्देशों के अनुसार सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में इस दिवस को गरिमा पूर्वक मनाया जाए।

### लापता युवक का खेत में मिला शव: 4 दिन से था लापता, हत्या की आशंका

**विदिशा।** लटेरी तहसील के रुसल्ली और महुआखेड़ा गांवों के बीच एक खेत में लापता व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है। मृतक की पहचान बलरामपुर निवासी 39 वर्षीय ठाकुर सिंह धाकड़ के रूप में हुई है, जो पिछले चार दिनों से लापता थे। उनके परिजनों ने मुरवास थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में शव पर चोट के निशान पाए गए हैं। निशानों के आधार पर पुलिस को आशंका है कि ठाकुर सिंह धाकड़ की हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं से छानबीन की जा रही है। मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## योजना: विदिशा जिले के 7819 किसानों को 15 करोड़ 94 लाख 67 हजार 236 रुपए की राशि का भुगतान

### सीएम ने प्रदेश के 1.33 लाख किसानों को 233 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से दी

- लाड़ली बहनों को अब 1500 प्रतिमाह सहायता दी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन खरीफ 2025 के लिए भावांतर भुगतान योजना के प्रथम चरण में 1.33 लाख किसानों के खातों में 233 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की।

इस योजना के तहत विदिशा जिले के 7819 किसानों को 15 करोड़ 94 लाख 67 हजार 236 रुपए की भावांतर राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवीन कृषि उपज मंडी विदिशा में किया गया, जिसमें विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विधायक श्री टंडन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार भावांतर योजना सहित अनेक किसान हितैषी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड, खाद-बीज पर सब्सिडी, आपदा सहायता और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसानों को लगातार लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों और बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अब बहनों को 1500 प्रतिमाह सहायता दी जा रही है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य धनराज सिंह दांगी, एसडीएम शितिज शर्मा, कृषि उप संचालक केएस खपेडिया एवं मंडी सचिव नीलकमल वैद्य सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भावांतर राशि का भुगतान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

### बीएलओ, सुपरवाइजर को अन्य कार्यों से मुक्त रखने के निर्देश

**विदिशा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि जिले में चल रहे गहन पुनरीक्षण निर्वाचन मतदाता सूची के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से विदिशा जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को एसआईआर कार्य पूर्ण होने तक अन्य कार्यालयीन कार्यों से मुक्त रखा गया है। कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में जारी आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## अक्टूबर माह में 201 प्रकरण बने 7.47 लाख की अवैध शराब जब्त

- मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर की कार्रवाईयां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के नेतृत्व में जिलेभर में अवैध मदिरा निर्माण, परिवहन, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

मुखबिर सूचना के आधार पर की गई सघन कार्यवाहियों में अक्टूबर माह के दौरान जिले के विभिन्न आबकारी वृत्तों में कुल 201 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए। इन कार्यवाहियों के दौरान देशी मदिरा 60.48 बल्क लीटर, स्प्रिट 8.10 बल्क लीटर, हाथ भट्टी मदिरा 492 बल्क लीटर एवं महुआ लाहन 6135 किलोग्राम जब्त किया गया। जब्त शराब की कुल मात्रा 6605.58 बल्क लीटर है।जिसका मूल्य 7 लाख 47 हजार 430 रुपए आंका गया है। आबकारी अपराधों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जिले में इस प्रकार की कड़ी कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी। उल्लेखनीय है कि इन सभी प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, धारा के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

## कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय महिला चोरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने दो अंतरराज्यीय महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। घटना थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अडानी विलमार्क फैक्ट्री के सामने की है। जहां एक महिला से चैन झपटने का प्रयास किया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान संजना पातरे (21 वर्ष) और सोनू पातरे उर्फ रानी (24 वर्ष), दोनों निवासी खुशियाली का नगला, रेलवे पटरी के पास, आगरा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

### 2 हजार 312 हितग्राहियों को मिलेगा नया घर

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जनजातीय गौरव दिवस पर जिले में पीएम जनमन योजना के तहत पूर्ण हो चुके 2,312 आवासों के हितग्राही परिवारों का गृह प्रवेश कराया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पारंपरिक नृत्य-गीत और प्रदर्शनियों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के जीवन एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

### फरार चोर को दबोचा माल भी बरामद हुआ

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से लगभग 1.30 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया है। वार्ड नंबर 10, भगत सिंह कॉलोनी नाना का बाग और मुखर्जीनगर सुंदर सेवा आश्रम के पास हुई चोरी की शिकायतों पर पुलिस ने इन दोनों घटनाओं प्रकरण दर्ज किए गए थे। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने फरार आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदातों को स्वीकार किया और उसके कब्जे से एक सोने की चेन, एक सोने की ब्रेसलेट और 7 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से घटेगा खर्च, बढ़ेगा सुशासन

### छात्र संवाद में हुई चर्चा: वन नेशन, वन इलेक्शन' समर्थन अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




विदिशा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक मुकेश टंडन व पदाधिकारी।

गुरुवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. रोहिन राय ने छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश के प्रशासनिक और आर्थिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में ही लगभग 1 लाख 35 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए। यदि सभी चुनाव एक साथ कराए जाएं तो यह राशि विकास कार्यों में लगाई जा सकती है। एकसमान चुनाव प्रणाली से शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, प्रभावी और किफायती बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवस्था से देश में राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और निरंतर विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रणाली लोकतंत्र को सशक्त बनाकर भारत को विकसित देशों की श्रेणी में ले जाने में सहायक होगी।

कार्यक्रम के दौरान वन नेशन, वन इलेक्शन' समर्थन अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया और सभी से इस जनजागरण में सहभागी बनने का आग्रह किया गया। वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री उपेंद्र धाकड़, वेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत बाल सुरक्षा पर जागरूकता अभियान जारी

# गुड टच-बैड टच की पहचान, ऑनलाइन ठगी से बचाव, डायल व 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 सेवाओं की दी जानकारी

- महिला सुरक्षा शाखा डीएसपी रोशनी सिंह ने दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 1 से 30 नवंबर तक संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत बाल एवं महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और जन-जागरूकता पर विशेष गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन सहित एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं डीएसपी (महिला सुरक्षा शाखा) रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में हरि सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल मेहलुआ चौराह में बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच की पहचान, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, और डायल 112 व महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी सेवाओं की जानकारी दी। बच्चों को लैपटॉप और प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक फिल्में दिखाकर आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया।



विदिशा। हरिसिंह हायर सेकंडरी स्कूल में छात्राओं को दी गई जानकारी।

थाना पुलिस टीम ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध या अनुचित घटना की जानकारी तुरंत पुलिस, परिजनों या शिक्षकों को दें और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करें। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे। विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

## हत्या के प्रयास के दो फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो फरार एवं इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पहले प्रकरण में पुलिस ने घोषित इनामी आरोपी खेमचंद कुशवाह 40 वर्ष निवासी तोपपुरा, हाल पीतलिया जी का फार्म हाउस महलघाट रोड को पकड़ा है। आरोपी ने 5 मई को छोटी हवेली के पास एक व्यक्ति पर घातक हमला किया था। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू बरामद किया। दूसरे प्रकरण में 5 सितंबर को नीमताल चौराह स्थित बनारसी पान दुकान के सामने हुई मारपीट के मामले में फरार आरोपी सौरभ सिंह यादव 18 वर्ष निवासी राजपूत कॉलोनी, निवासी हाल स्वर्णकार कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से रॉड बरामद की गई। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है।

### मेहलुआ चौराहा के मेडिकल स्टोर्स की जांच

**विदिशा।** एसडीएम कुरवाई के निर्देशन में मेहलुआ चौराह क्षेत्र की मेडिकल दुकानों की जांच की गई। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा पांच मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान औषधियों के भंडारण, लाइसेंस, बिलिंग एवं रजिस्टर संधारण संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के बाद संबंधित मेडिकल संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-6001
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6861
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव- 5651
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-8650
उड़द
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5800
मक्का
न्यूनतम भाव- 770
उच्चतम भाव- 1745
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3180
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3025
गेंहू
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-3216
मूंग
न्यूनतम भाव-5750
उच्चतम भाव- 5750
धनिया
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव- 6500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 31303 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## ग्राम सेमरी में निरीक्षण करने पहुंची तहसीलदार, ग्रामीणों से की चर्चा

# एसडीएम ने एसआईआर के तहत मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




विकास खंड में मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर गांव गांव घर घर चल रहा है। इसी अभियान की प्रगति कार्य देखने एसडीएम संतोष बिटौलिया, मास्टर ट्रेनर अभय शर्मा सहित दल के साथ एसआईआर के तहत पबई, देरखी सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बताया इस महत्वपूर्ण अभियान मे जब बीएलओ आपके घर पहुंचेंगे, तब उनके पास आपकी सारी जानकारी होगी लेकिन आपको उन सभी जानकारी की पुष्टि करनी होगी। इसका मतलब है कि सारी जानकारी का मिलान किया जाएगा।

पत्रक में मतदाता का नाम, विधानसभा, क्यूआर कोड और पुरानी फोटो प्रिंट रहेगी। इसमें सिर्फ नई फोटो लगानी होगी। इसके अलावा कोई भी दस्तावेज नहीं देना होगा। बीएलओ आपके घर पहुंचकर प्रपत्र भरवाने का काम करेंगे। प्रक्रिया का यह पहला चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर मतलब एक महीने तक चलेगा। 2002 से 2004 तक की एसआईआर की मतदाता सूची http:// voters]eci.gov.in पर कोई भी देख सकता है और स्वयं ही मिलान कर सकता है। ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन फॉर्म भी भर सकते हैं। फार्म 6 में नए मतदाता खुद का नाम जोड़ सकते हैं। फॉर्म 7 के तहत जो मतदाता पहले से ही सूची में दर्ज है, अपना नाम हटवा सकते हैं। इसके अलावा फॉर्म 8 की मदद से मतदाता अपने वोटर कार्ड में कुछ बदलाव करने या कोई गलती हुई हो, तो उसे सुधरवा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इस अभियान के दौरान विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया है। अभियान की तैयारी 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चली। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य होगा। 9 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। 31 जनवरी तक सभी दावे आपत्तियों का निराकरण करने के बाद 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। वहीं तहसीलदार रितु राय ने विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। ग्राम सेमरी में घर घर जाकर अभियान की रिपोर्ट ली। इस अवसर पर योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी, निर्वाचन शाखा से संजय अहिरवार, बीएलओ अनूप दुबे, चतर सिंह लोधी, मुंशीलाल अहिरवार सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। वहीं नगर के विभिन्न वार्डों में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ घर घर पहुंचकर एसआईआर फार्म लेकर मतदाताओं से जानकारी की पुष्टि कर रहे हैं।

## एसजीएस कॉलेज के डॉ. पाटीदार ने अपना डिजाइन पेटेंट कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर बिंदेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में भौतिकी विभाग के डॉक्टर सुनील पाटीदार ने 5G इनबिल्ट स्मार्ट आईओटी गेटवे में अपना डिजाइन पेटेंट करवाया है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुमनलता गुप्ता, डॉ. बीके प्रजापति, प्रमोद दुबे, योगेश शिल्पकार सहित समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. पाटीदार की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाईयां दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा द्वारा 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 11 से 20 नवंबर तक चलेगा। इस कैंप में जिले के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न तरह के प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग, योग, नेतृत्व क्षमता आदि का प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह प्रशिक्षण प्राप्त कर आगे दिल्ली तक जाने का मार्ग तय कर रहे हैं। इसके साथ ही कैडेट्स को अग्नि वीर भर्ती, सैन्य अधिकारी भर्ती नियमों की भी जानकारी दी जा रही है। कैंप की शुरुआत कैंप प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए एकता और अनुशासन की सीख दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन वह है जो स्वयं में हो जब कोई ना देखें तब भी आप स्वअनुशासित रहें। उन्होंने कहा कि आपके आसपास का वातावरण साफ सुथरा रखें, पर्यावरण की रक्षा करें। कैंप कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र के नेतृत्व में एवं लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में संचालित हो रहा है। कैंप में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इसके बारे में व्याख्यान के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही वंदे मातरम नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। इस दौरान कैंप में सूबेदार मेजर हृदय रंजन, एनसीसी अधिकारी मेजर मनीष छांछर, कैप्टन निधि शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉक्टर विनीता प्रजापति, फर्स्ट ऑफिसर अनिल दुबे, फर्स्ट ऑफिसर रश्मि पाठक, सेकंड ऑफिसर अनिल सोनी, थर्ड ऑफिसर शंकर बहादुर एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने की शैक्षणिक भ्रमण यात्रा



गंजबासौदा। विगत दिनों सरस्वती शिशु मंदिर शिशु वाटिका के नन्हे-मुन्ने बच्चों को एक मनोरंजक एवं शैक्षणिक भ्रमण यात्रा पर ले जाया गया। इस यात्रा के अंतर्गत बच्चों को उदयपुर के ऐतिहासिक शिव मंदिर और उदयपुर स्थित महामाई मंदिर, नूरपुर तथा सिरनोटा में हनुमान जी महाराज के दर्शन कराए गए। भ्रमण के दौरान बच्चों ने अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ धार्मिक स्थलों के दर्शन किए तथा नई-नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। पूरी यात्रा के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों की सुरक्षा, सुविधा और मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा, जिससे यात्रा सफल और आनंदमयी रही। भ्रमण के उपरांत अभिभावकों ने विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और बच्चों को मिले इस अनुभव की भरपूर सराहना की। यह यात्रा बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, संस्कारमय एवं मनोरंजक सिद्ध हुई। इस दौरान विद्यालयीन स्टॉफ और विद्यार्थीगण मौजूद थे।

## अक्षरा ने प्रथम एवं अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा में नगर के डॉल्फिन स्कूल की छात्रा अक्षरा शर्मा ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके लिए छात्रा को विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा 5000 रुपए की नगद राशि भी प्रदान की गई। नवांकुर विद्यापीठ के छात्र अनमोल जैन ने संपूर्ण मध्य प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसे विभाग द्वारा 1000 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। विद्यार्थियों को विज्ञान के विषय में रुचि जागृत करने व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मप्र विज्ञान विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विज्ञान मंथन यात्रा आयोजित की जाती है। इस वर्ष यह यात्रा ऑनलाइन आयोजित की गई थी। प्रदेश के 250 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थी डॉल्फिन के थे। इस यात्रा में विद्यार्थियों को देश के प्रसिद्ध संस्थानों जैसे आईआईटी गांधीनगर, इसरो, आईआईटी दिल्ली, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र अहमदाबाद, भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र एवं अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों से साक्षात्कार करने का अवसर प्राप्त हुआ एवं वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान जैसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बायोटेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष विज्ञान आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। यहां उल्लेखनीय है कि विद्यालय के कई छात्र, छात्राएं विगत वर्षों में विज्ञान मंथन यात्रा में सहभागिता कर छात्रवृत्ति प्राप्त कर चुके हैं। छात्रा की इस सफलता में शिक्षक अभिषेक पाठक, प्रशान्त भार्गव, संजय रघुवंशी, शिक्षिका पूजा जैन तथा अनमोल की सफलता में शिक्षिका मेघा शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए बधाईयां दी।

### नपा ने विभिन्न वार्डों में किया निरीक्षण

गंजबासौदा। नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 6, 14, 20,21 में अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद भी मौके पर उपस्थित रहे। वार्डों में गंदगी फैलाने वाले लोगों के चालान काटे गए।

## रात्रि में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को रात्रि के समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे द्वारा शहर थाना में चेक रोल कर उपस्थिति ली गई तथा आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रखते हुए थाने से रेलवे स्टेशन तक पैदल भ्रमण किया गया। इस दौरान चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई तथा सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे सदैव अलर्ट मोड पर रहकर आने-जाने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की सतर्कता से जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाए, जिससे थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी शिखा भलावी, थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया सहित पुलिस थाना स्टॉफ उपस्थित रहा।

### वेद मंत्रों की ध्वनि और जूही की सुगंध से महक उठा नौलखी आश्रम



गंजबासौदा। वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर चल रहे 11 दिवसीय महारुद्र के दिव्य शिव अनुष्ठान के षष्ठम दिवस पर जूही की सुगंध, वेद मंत्रों की ध्वनि और शिव तत्व के दर्शन ने गुरुवार को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम निर्मित कर दिया। इस अवसर पर भगवान शिव का 1008 जूही के पुष्पों से हुए मनमोहक अलौकिक श्रृंगार से परिसर जहां पुष्पों की सुगंध से महक गया वहीं वेद-मंत्रों की गूंज से वातावरण शिवमय हो उठा। अनुष्ठान के दौरान आरती के समय दीपों की पंक्तियाँ, रुद्र जप और हर हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर प्रांगण शिव भक्ति में लीन दिखाई दिया। अनुष्ठान के प्रारंभ से लेकर पूर्णता तक भक्तों की आँखों में आस्था की चमक और मन में शिवत्व का भाव झलकता रहा। वेत्रवती घाट पर भव्य और दिव्य शिव लोक निर्माण के संकल्प को लेकर नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में इन दिनों नर्मदेश्वर महादेव का अद्बितीय अनुष्ठान विद्वान वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा आयोजित हो रहा है। गुरुवार को अनुष्ठान में यजमान उमाशंकर शर्मा एवं भानुसिंह ठाकुर द्वारा भगवान महादेव का अभिषेक पूजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने शिव तत्व की गूढ़ व्याख्या सुनाते हुए बताया कि शिव शब्द का अर्थ, कल्याण है। जो मनुष्य अपने जीवन में सबके कल्याण का भाव धारण कर लेता है, वही जीव शिव में परिणत हो जाता है। शिव की प्रिय भस्म, कमंडल और नाग, शिव के जीवन सूत्र हैं। शिव का कमंडल तपस्या और संतोष का प्रतीक है। यह हमें बताता है कि भौतिक सुख से नहीं, साधना से जीवन का सार प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भस्म यह स्मरण कराती है कि शरीर नश्वर है, पर आत्मा अविनाशी। शिव के गले का नाग समाधि और स्थिरता का द्योतक है, यह दर्शाता है कि विष (कठिनाइयों) को तप, साधना से ही अमृत के रूप में बदला जा सकता है। उन्होंने बताया कि हर शिवालय में दिखने वाले प्रतीक नदी, कश्यप, हनुमान, नाग, और जलधारा केवल स्थापत्य नहीं, बल्कि गहरे आध्यात्मिक संदेश देते हैं। नंदी, जो सदैव शिव के सम्मुख बैठते हैं, यह दर्शाते हैं कि जीव को हमेशा परमात्मा की ओर ही अपना ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। जब मन पवित्र हो जाता है, तो वही स्थान शिवालय बन जाता है। शिवालय में गणेश और हनुमान की उपस्थिति को समझाते हुए उन्होंने कहा कि गणेश बुद्धि और समृद्धि के दाता हैं।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा



गंजबासौदा। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देवास में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अन्तर्गत राशि के वितरण का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 133 लाख किसानों के खाते में लगभग 233 करोड राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से भुगतान किया गया। इस मौके पर स्थानीय कृषि उपज मण्डी में विधायक हरीसिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में एवं एसडीएम संतोष बिटौलिया की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के कार्यकम का सीधा प्रसारण मंडी प्रांगण में लगी विशाल स्क्रीन के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि तरवर सिंह रघुवंशी, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, उपाध्यक्ष भानू शर्मा, अमित अग्रवाल, सुरजीत काके, शिवशरण रघुवंशी, जयेश शाह, चेतन अहिरवार, गंगाराम अहिरवार, विनोद अहिरवार सहित अन्य व्यापारी, गणमान्य नागरिक बन्धु एवं मंडी सचिव सोहन लाल मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत हो रहा आयोजन

# सांसद खेल महोत्सव में हुई अनेक प्रतियोगिताएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ विगत दिनों शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में हुआ था। तभी से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खेल महोत्सव के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताएं संचालित हो रही हैं। गुरुवार को भाजपा ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में ग्राम हतौड़ा में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कुर्सी दौड़, चम्मच रेस, क्रिकेट सहित अनेक प्रतियोगिताएं संचालित हुई है। खेलों के भव्य आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रमुख रूप से विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, ग्राम पंचायत हतौड़ा के सरपंच नवल सिंह रघुवंशी, राजेंद्र सिंह दांगी सरपंच कंजना, राजू रघुवंशी, अशोक राय सरपंच ग्राम पंचायत घटेरा, बीईओ, बीआरसी सहित अनेक जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सासंद खेल महोत्सव के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने उपस्थित जनों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करने के पीछे केवल और केवल एक मात्र उद्देश्य यही है कि जब खेलेगा युवा तभी तो स्वस्थ रहेगा युवा। विधायक रघुवंशी ने कहा कि युवा वर्ग खेल कूद के साथ साथ योग भी करें जिससे शरीर स्वस्थ व मजबूत रहेगा और जब हम स्वस्थ रहेंगे तो निश्चित ही हमारा गांव, शहर, प्रदेश व देश स्वस्थ रहेगा। इसी परिकल्पना के पुनीत उद्देश्य से सारे देश में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान संपूर्ण देश में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवा रहे हैं। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सभी खिलाड़ियों से खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने की अपील की है।

## आयोजित हो रहा सात दिवसीय विशेष शिविर




गंजबासौदा। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर ग्राम गंज में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि नीतू रघुवंशी जनपद अध्यक्ष, विशेष अतिथि मनोज दुबे टीआई देहात थाना एवं एमसी शर्मा प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, प्रदीप चौरसिया द्वारा मंच से फीता काटकर और विशेष अतिथि माया सतीश दुबे सरपंच ग्राम गंज, नवनीता प्रधानाचार्य शासकीय शाला गंज ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना सरस्वती पूजन तथा अतिथियों के स्वागत के पश्चात स्वयंसेविका कुमारी नैना पांडे द्वारा गणेश वंदना तथा हर्षिता प्रजापति, आराधना, भारती यादव, प्रशांत साहू, शिव मीणा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि नीतू रघुवंशी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि किस प्रकार विद्यार्थी समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं। मुख्य अतिथि मनोज दुबे थाना प्रभारी देहात द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में भी अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाते हैं तथा किस प्रकार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता नशा मुक्ति डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर मुख्य भूमिका निभाते हैं। अतिथियों द्वारा शिविर दर्पण का विमोचन किया गया। ग्राम में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक सचिन अहिरवार को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुरस्कृत किया गया। कैंप कमांडर अमित विश्वकर्मा को उनके कार्यों की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया। शिविर का संचालन दिनेश कुमार ओझा के नेतृत्व में किया गया तथा अंत में आभार महिला कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक साहिल यादव, अमित, गौरव शर्मा, मोनू, हरिओम का योगदान रहा।

### पानीपुरी विक्रेताओं की खाद्य सामग्री की जांच



गंजबासौदा। गुरुवार को नपा स्वास्थ्य निरीक्षक आरके नेमा ने नपा अमले के साथ नगर में भ्रमण कर बाजार में हाथ ठेलो पर पानीपुरी विक्रय कर रहे दुकानदारों विक्रेताओं की सामग्री चेक की गई। फुल्की के पानी को खट्टा करने के लिए, अप्राकृतिक सामग्री मिला कर फुल्की का पानी तैयार किया जा रहा है, जिसे मौके पर नष्ट कराया गया एवं दो-दो सौ रुपया जुर्माना करते हुए चेतावनी दी गई।

**बेचना है**

गंजबासोदा स्थित ग्राम चोराबर प.ह.नं. 49 में अ.क्र. 43/2 रकबा 1.463 एवं अ.क्र. 40/1 रकबा 1.487 करीब पन्द्रह वीघा जमीन जो कि काली गिट्टी क्रेशर, कोपरा, एवं सेन्ड कार्य के लिये अति उपयुक्त। शीघ्र बेचना है।

संपर्क : अमित यादव- 9893853839
हिमांशु यादव- 9406549566

### नेटवर्क व सर्वेयर की समस्या बताकर उपभोक्ताओं का किया जाता है गुमराह

# स्थापना दिवस की पार्टी की तैयारियों में व्यस्त रहे शाखा प्रबंधक व कर्मचारी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिरोंज हमेशा से ही सुर्खियो में रहा है। आए दिन शाखा प्रबंधक व उनके सहयोगी कर्मचारियो द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है। अभी हाल ही में बैंक प्रबंधक द्वारा बैंक के स्थापना दिवस के नाम पर सिर्फ औपचारिकता की गई। बैंक के अंदर कुछ ही उपभोक्ताओं के साथ बैंक का स्थापना दिवस मनाया जा रहा था। वही ग्रामीण क्षेत्रो से आए हुए यूनियन बैंक के उपभोक्ता जिनमें महिला,बुजुर्ग बैंक के बाहर खडें नजर आए। शाखा प्रबंधक के आदेश के चलते ग्रामीण क्षेत्रो से आए अनेको बैंक के उपभोक्ताओं को बैंक के स्थापना दिवस के चलते उन्हे अन्दर ही नही आने दिया। वही कुछ कर्मचारियो ने दोपहर के बाद उपभोक्ताओं से यह कहकर उन्हें भगा दिया कि आज बैंक में कुछ काम नही होगा आप कल आना। पूर्व में भी देखा गया कि शाखा प्रबंधक की मनमर्जी के चलते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिरोंज की उपभोक्ताओं द्वारा कई बार शिकायते भी की गई है। लेकिन बैंक प्रबंधक व अन्य कर्मचारियो का उपभोक्ताओं के साथ जो व्यवहार पहले था वैसा ही अभी देखा जा रहा है।



### केक कटने के इंतजार में घंटों बाहर खड़े रहे उपभोक्ता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बैंक में आयोजित पार्टी की तैयारियो की खुशी कर्मचारियो में इतनी नजर आई कि बैंक कर्मचारी अपना काम छोड स्थापना दिवस की तैयारिया करते नजर आए। इसी बीच जैसे ही उपभोक्ता अपना काम कराने के लिए बैंक के अंदर पहुचें तो उपभोक्ताओं की समस्या सुनने की जगह बैंक प्रबंधक व कर्मचारी पार्टी की तैयारियो पर चर्चा करते रहें। वही कर्मचारियो से अपने काम कराने की बात करने पर उपभोक्ताओं से कर्मचारियो ने कहा कि अब बैंक के काम कल होगे आप कल आना।

### उपभोक्ताओं को किया जाता है गुमराह

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कैश काउंटर व अन्य काउंटर पर कार्य करने वाले अधिकांश बैंक कर्मचारी उपभोक्ताओं को नेटवर्क व सर्वेयर की समस्या बताकर अपने निजी काम करने वा चाय नाश्ता करने के लिए काउंटर से उठकर आधे आधे घण्टे के लिए गोल हो जाते है। वही बैंक कर्मी के आने के इंतजार में उपभोक्ता घण्टो तक काउंटर पर ही खडें नजर आते है। जब हरिभूमि टीम ने कर्मचारियो की जानकारी जुटाई तो अधिकांश कर्मचारी अपना काम छोड या तो बैंक के बाहर होटलो पर चाय नाश्ता करते नजर आते है या फिर अपने निजी काम करने के लिए चले जाते है। काफी इंतजार करने के बाद जब भी कोई उपभोक्ता बैंक कर्मी से अपना काम करने की बात कहता है तो हर बार की तरह उपभोक्ताओं को एक ही जवाब दिया जाता है कि सर्वेयर की समस्या है हम कुछ नही कर सकते है। आज तुम्हारा काम नही हो पाएगा तुम कल आना। वही दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले ग्रामीणो को अपने काम कराने के लिए काफी परेशानियो का सामना कर अलगे दिन फिर बैंक पहुचकर अपना काम कराना पडता है।

### सर्दी के मौसम में ग्रामीणों का बुरा हाल

नगर के पालीवाल कॉलोनी स्थित यूनियन बैंक में कर्मचारियो व बैंक प्रबंधन की मनमानी का खामियाजा गरीब उपभोक्ताओं को भुगतना पड रहा है। यदि देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्रो से अपना काम कराने के लिए आने वाले अनेको उपभोक्ता प्रतिदिन बैंक खुलने से पहले ही बैंक के बाहर आकर खडें हो जाते है और बैंक खुलने के इंतजार में सर्दी के मौसम में घण्टो तक सड़क पर बैठे रहते है। वही जैसे ही बैंक के गेट खुलते है और उपभोक्ता अंदर जाता है तो बैंक में मौजूद कर्मचारियो उपभोक्ताओं को यह कहकर बाहर निकाल देते है कि अभी सर नही आए है अभी बाहर जाओं सर आ जाएगें तब आपका काम होगा। वही बैंक कर्मचारी जैसे ही बैंक में पहुचते है तो आधा से एक घण्टा तो वह अपने काम करते ही नजर आते है। काफी इंतजार करने के बाद यदि कोई उपभोक्ता बैंक कर्मी से अपना काम करने की बात कहता है तो बैंक कर्मी कुछ न कुछ बहाना बनाकर उपभोक्ता को भगा देते है।

### जहां से वहा भगाया जाता है

ग्राम कमरिया निवासी विनिता बाई कुशवाह ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में महिलाओं की किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही होती। यदि कोई महिला अपना काम कराने बैंक में पहुचती है तो घण्टों खडें रहने के बाद भी बैंक कर्मचारियो द्वारा काम नही किया जाता है। जब भी बैंक में कोई नया उपभोक्ता बैंक में खाता खुलवाने की जानकारी के लिए पहुचता है तो बैंक कर्मचारियो द्वारा बैंक के बाहर संचालित क्योस्क सेंटरो पर भेंज दिया जाता है। यहा भारी भीड होने के कारण उपभोक्ता बिना अपना खाता खुलवाए वापस लौट जाता है। यदि इसकी शिकायत बैंक प्रबंधक को की जाती है तो वह भी महिला के साथ अभ्रद व्यवहार करते हुए कल आना का बोल देते है। जिस कारण अधिकांश महिला उक्त बैंक में जाना ही पंसद नही करती है।

**इनका कहना है...**

बैंक का स्थापना दिवस हमने 5 बजें के बाद मनाया था। बैंक समय में बैक के काम जारी थें। बैंक कार्य के दौरान कोई उपभोक्ता परेशान नही होता है।

**रूप सिंह धाकड,**
शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सिरोंज।

### ग्रामीणो में चोरी से रोष व्याप्त

## बाबा अमरनाथ बर्फानी मंदिर में रखी दानपेटी को उठा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



थाना मुगलसराय अंतर्गत बाबा अमरनाथ बर्फानी मंदिर पिपलिया हाट में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की शर्मनाक वारदात को अंजाम दिया। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा भोलेनाथ अमरनाथ बर्फानी मंदिर में देर रात चोरी की गई। जिसमें मंदिर के अंदर रखी दान पेटी को अज्ञात चोर उठा कर ले गए। वही सुबह जब मंदिर के पुजारी मंदिर पहुचकर देखा तो मंदिर में रखी दान पेटी चोरी हो गई थी। वही वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट महेश शर्मा ने बताया कि रात्रि के अंधेरे में चोरी मंदिर में रखी दानपेटी उठाकर ले गए जिसकी सूचना प्रातःकाल 7 बजे थाना प्रभारी मुगलसराय को दी गई।

उन्होने कहा कि क्षेत्र में सनातन संस्कृति का संदेश वाहक केंद्र बाबा बर्फानी शिवालय में चोरी की यह प्रथम वारदात है। जिससे समूचे क्षेत्र में सत्य सनातन की आस्था केंद्र में हुई। वही ग्रामीणो में चोरी को लेकर काफी रोष व्याप्त है। धर्म संस्कृति अध्यात्म परमार्थ का मुख्य स्थल भी अब चोरों के लिए कोई मायने नहीं रखता है कुछ समय पूर्व माता मंदिर की दानपेटी से भी नगदी की चोरी हुई थी जिसमे अज्ञात चोर ताला तोड़कर दान राशि ले गए थे। बाबा बर्फानी मंदिर से अज्ञात चोर दानपेटी ही उठा कर ले गए। आए दिन होने बाली चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में चोरों को लेकर भय बना हुआ है।

वही क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीण जनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि असामाजिक तत्वों के प्रति कठोर वैधानिक कार्यवाही कर आए दिन होने बाली चोरी की वारदातों पर शीघ्र अंकुश लगाया जाए। जिससे नागरिकों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हो सके।

## पालीवाल ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत, सम्मान



**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने ग्राम मुगलसराय पहुचें पालीवाल ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। मध्य प्रदेश पालीवाल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पालीवाल का ग्राम मुगलसराय में आगमन हुआ। साथ ही पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित पालीवाल रामबाबू पालीवाल,बद्री प्रसाद पालीवाल,नरेंद्र पालीवाल,अशोक पालीवाल का भाजपा नेता व पालीवाल समाज के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने शाल श्रीफल भेंटकर भव्य स्वागत किया।

### नगर निगम आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली

**सागर।** नगर निगम की सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण हेतु नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निगमायुक्त ने भवन भूमि, लोककर्म, प्रकाश विभाग, जलप्रदाय, स्वास्थ्य विभाग, जन्म-मृत्यु, पेंशन, योजना, स्थापना, राजस्व सहित सभी विभागों के अधिकारियों एवं इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी स्थल पर जाकर समस्याओं का समाधान करें तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के बाद ही शिकायत को बंद करें। निगमायुक्त ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक सीधे अपनी समस्याएं दर्ज कराते हैं। अतः प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं प्राथमिकता से लेकर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

### जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन आज

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में 14 नवंबर को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय के प्रो. सखाराम मुजाल्दे तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. डी. एस. राजपूत, प्रो. डी. के. नेमा एवं प्रो. अजीत जायसवाल रहेंगे। कार्यक्रम निदेशक कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय एवं समन्वयक अर्थशास्त्र विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. केशव टेकाम हैं एवं सह समन्वयक डॉ. राजीव खलखो, डॉ. जयंती सिंह, डॉ. शासना योमसो, डॉ. क्रिस्टोफर गुंजन हैं।

## नर्मदा क्षेत्र में जारी सर्दी का सितम, दिनचर्या प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 5 दिनों से नगर के साथ संपूर्ण नर्मदांचल में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी बना हुआ है।दिन और रात के तापमान में आई भारी गिरावट के साथ अब रात में और सुबह-सुबह कोहरा धुंध से वाहन चालक और प्रातः की सैर करने वाले सांस लेने में भी दिक्कत महसूस करने लगे हैं। लगातार भारी शीत के असर से लोगों की दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो रही है। शाम को 5:30 बजे के आसपास सूर्यास्त और गहरा अंधेरा छा जाता है। सुबह 6-7 बजे के आसपास सूर्य भगवान के दर्शन हो रहे हैं दोपहर की 11-12 कब बज जाते हैं।लोगों को पता ही नहीं चल पाता है लगातार भारी सर्दी के कारण दुकान भी 10 बजे के बाद खुलना शुरू हो रही है।

नवंबर का महीना चल रहा है लोगों का कहना है कि दशकों बाद दीपावली, देवउठनी ग्यारस के बाद उन्होंने इतनी अधिक और एक समान ठंड का प्रकोप देखा है नर्मदा क्षेत्र में जोरदार कड़ाके की ठंड दिसंबर जनवरी महीना में पड़ती है, जिसे लोग देखते आ रहे हैं तापमान में भारी गिरावट के साथ सप्ताह भर से भीषण ठंड शीतलहर का सामना नगर एवं क्षेत्र के निवासी कर रहे हैं।

## आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल

### जनता की समस्याएं सुनीं, दी त्वरित राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



आपका सेवक आपके द्वार एवं नमो सरकार आपके द्वार अभियान के तहत बुधवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बोरास शक्ति केंद्र अंतर्गत ग्राम बम्होरी बासोदा और बोरास में विविध कार्यक्रमों में भाग लिया।

जनता की मांग पर ग्राम बम्होरी बासोदा से पारदी टोला तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सडक़ निर्माण की स्वीकृति का आश्वासन दिया गया। शिविर में चार गरीब परिवारों को, जिनके मुखिया की आकस्मिक मृत्यु हो चुकी थी, प्रत्येक को दो-दो लाख रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। इनमें तीन लाभार्थी बम्होरी बासोदा और एक ग्राम रहली के निवासी हैं।

राज्य मंत्री का दल ग्राम बोरास पहुँचा, जहाँ मंदिर परिसर में मुख्य जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर बीपीएल कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए गए, साथ ही कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट वितरित की गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पटेल ने कहा, जिस दिन मैंने आपसे वोट मांगा था, उसी दिन कहा था कि आप अपने लिए एक सेवक चुन रहे हैं। आज मैं उसी सेवक के रूप में आपके द्वार आया हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता से कार्य कर रही है, और प्रत्येक निर्माण कार्य की जानकारी अब सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाती है।

मंत्री ने बताया कि ग्राम बोरास पंचायत को बीते दो वर्षों में 51 लाख रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की जा चुकी है, जबकि विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों को 50-50 लाख रुपये प्रदान किए जा चुके हैं।कार्यक्रम में भाजपा मंडल पदाधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### संस्कार केंद्र का राज्य मंत्री पटेल ने किया शुभारंभ

## संस्कारित समाज बनाने सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्रों का हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सेवा भारती संस्था द्वारा नगर में संस्कारित समाज बनाने बच्चों को शिक्षा संस्कार देने संस्कार केंद्रो का संचालन किया जा रहा है। नर्मदा क्षेत्र के उदयपुरा में सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्र खोले जा रहे हैं।भट्टा मोहल्ला वार्ड क्रमांक 6 में संस्कार केंद्र का क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा शुभारंभ किया गया।

### समाज में शिक्षा संस्कार जरूरी

संस्कार केंद्र का शुभारंभ करते हुए उपस्थित महिला पुरुषों ने नागरिकों से कहा कि समाज का शिक्षित और संस्कारित होना जरूरी है।संस्कार केंद्रो के संचालन में सभी तरह का सहयोग देने का भरोसा दिया सेवा भारती के जिला सचिव बीएस किरार ने संचालित किए जा रहे सेवा आयामों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि उदयपुरा नगर में आठ संस्कार केंद्र एवं भट्टा मोहल्ला में एक महिला सिलाई केंद्र संचालन किया जा रहा है। बताया कि 6 से 13 वर्ष आयु की बच्चों को स्वच्छतापूर्ण जीवन शैली अनुशासन शालीनता बड़ों का सम्मान आज्ञाकारिता कर्तव्य निष्ठा इत्यादि गुणो खेल साहित्य विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जाएगा स्कूल के होमवर्क को भी पूर्ण कराया जाएगा।



### इनकी रही उपस्थिति

नगर के समाजसेवी शिवनारायण मालानी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में कमल किशोर राठी, गिरधारी लाल जैन, गिरिराज व्यास, संदीप बिश्नोई, रमाकांत राय, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दिनेश राजोरिया, रामगोपाल विश्नोई, हीरेंद्र मालवीय, रंजीत धुर्वे सहित महिलाओं, किशोरियों, बच्चों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### गीला-सूखा कचरा अलग होगा, नदियों में नहीं जाएगी कचरा गंदगी

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनेगा कचरा निष्पादन प्लांट

**वर्तमान में घोघरा नदी किनारे डाला जा रहा नगर का कचरा और गंदगी, बीमारी का डर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत चेनपुर रोड पर 82 लाख 35 हजार की राशि से कचरा निष्पादन प्लांट का निर्माण किया जाएगा नगर पंचायत की पीआईसी ने स्वीकृति प्रदान की है। ऑनलाइन से निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई और 17.50 प्रतिशत कम दर पर निविदा स्वीकृत हुई अगले 6 माह में एमआरएफ और कंपोस्टिंग प्लांट निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

बरसों से नदी किनारे कचरा गंदगी डंप- अनेक वर्षों से नगर में निकलने वाला कचरा गंदगी घोघरा नदी किनारे मुक्तिधाम के पास चेनपुर रोड पर प्रतिदिन डंप की जा रही है। बारिश के दिनों में बाढ़ की स्थिति में गंदगी भारी मात्रा में प्लास्टिक पन्नी कचरा सीधे घोघरा नदी में पहुंचता है। कुछ आगे चलकर घोघरा नदी बारना नदी में मिलती है। और बारना नदी 9 किलोमीटर दूर नर्मदा मैया में समाहित हो जाती है अर्थात नगर की संपूर्ण गंदगी हजारों लीटर गंदा पानी सीधे नर्मदा में पहुंचकर प्रदूषण गंदगी बढ़ाने का कारण बना हुआ है।प्लांट लगने से सूखा गीला कचरा अलग कर गीले कचरे से जैविक खाद और सूखे कचरे को रीसाइकल किया जाएगा जिससे नदी में मिलने वाली गंदगी नगर की कचरा निष्पादन समस्या में सुधार होगा।वर्तमान में कचरा वाहनों से घर-घर से कचरा एकत्रित किया जाता है। ट्रैक्टर ट्रालियों से भी कचरा एकत्रित कर मुक्तिधाम के सामने डाला जाता है। प्लांट लगने के बाद सूखा गीला कचरा वैज्ञानिक ढंग से अलग कर निस्तारण किया जाएगा।



**इनका कहना है...**

नगर को स्वच्छ साफ बनाए रखने नगर पालिका प्रयासरत है 82 लाख की लागत से कचरा निष्पादन प्लांट अगले 6 माह में निर्माण होने से सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी।

**- हेमंत राजा भैया चौधरी,**
अध्यक्ष नगर पंचायत बरेली।

### पंचायत छुछार में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**बरेली।** तहसील की ग्राम पंचायत छुछार में विधिक साक्षरता सहायता जागरूकता शिविर में एडीजे अजय कुमार तिर्की ने उपस्थित गरीब ग्रामीणों को न्याय प्रक्रिया निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने और न्याय पाने में आने वाली कठिनाइयों की विस्तार से चर्चा की। और जानकारी दी विधिक सहायता जो विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्रदान की जाती है निशुल्क अधिवक्ता भी प्राप्त कर सकते हैं। विधिक जागरूकता शिविर के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट ललित कुमार मेडा ने मध्यस्थता प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार पंचायत में बैठकर आपस में विवाद सुलझाते हैं। वैसे ही मध्यस्थता प्रक्रिया न्यायालय द्वारा अपनाई जा रही है। छुछाहर कि माध्यमिक शाला में हुए विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला अभिभावक नवनीत भार्गव, यशपाल रघुवंशी, हरीनारायण चौधरी सहित ग्रामीणों उपस्थित रहे।

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप श्री शरीफ उद्दीन उर्फ.सुक्कू आयु व्यस्क पुत्र श्री हमीद खां निवासी 138/1 जवाहर लाल नेहरु वार्ड, बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र. कृषक ग्राम करारिया (करारिया लश्करपुर) तहसील व जिला विदिशा म.प्र. से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की सिंचित कृषि भूमि स्थित ग्राम करारिया (करारिया लश्करपुर) प.ह.न. 40 तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में अनुबंधकर्ता के स्वत्व व आधिपत्य की आराजी सर्वे क्रमांक 284/1/1 रकवा 0.536 हेक्टेयर व आराजी सर्वे क्रमांक 284/1/2 रकवा 0.133 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकवा 0.669 हेक्टेयर भूमि, जिसकी चतुसीमा निम्न प्रकार से अंकित है पूर्व मे -फूल सिंह की भूमि, पश्चिम मे -कच्चा रास्ता, उत्तर मे -कच्चा रास्ता, दक्षिण मे - शशिमोहन की भूमि, को क्रय करने का अनुबंध कर लिया है व ब्याना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि के बाबत किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई ऋणभार बकाया हो अथवा कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि के बाबत अपना स्वत्व, हित रखता हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर अपनी लेखी दस्तावेजी सबूत सहित मेरे कार्यालय में कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है अन्यथा समयावधि गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंधित भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा और फिर इसके बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

भवदीय **जय सिंह रघुवंशी** एडवोकेट
कार्यालय कपिल रघुवंशी स्वामी विवेकानन्द चौराहा, दत्ता पेट्रोल पंप के पास, विदिशा म.प्र.
मो. 8817565657, 9806835167

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्रीमति महिमा जैन पत्नि श्री संजय पंचरतन जैन निवासी वार्ड नं. 21 काली मस्जिद गली विदिशा के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय रिक्त प्लाट जो सर्वे नंबर 2354/4/2 रकवा 0.0192 हैं.कस्वा विदिशा प.ह.नं. 02 वार्ड नं. 21 मोहल्ला काली मस्जिद गली तारण जैन मंदिर के पीछे गली में विदिशा में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 2065 वर्ग फीट यथा 191.91 वर्ग मीटर का है उक्त प्लाट को श्रीमति महिमा जैन द्वारा विक्रय पत्र दिनांक 23.05.2025 पंजीकरण क्रमांक MP421GR18922025A100359845 के द्वारा श्री नन्नें खां पुत्र गुलाम उल्लाह निवासी ग्यारसपुर सहमतिदातागण 1. नईम खां पुत्र नन्ने खां निवासी ग्यारसपुर 2. श्रीमति रामबाई पत्नि स्व. श्री शिवस्वरूप जैन निवासी वार्ड नं. 21 काली मस्जिद गली विदिशा से क्रय किया था। कि श्रीमति महिमा जैन पत्नि श्री संजय पंचरतन जैन उपरोक्त वर्णित संपत्ति प्लाट को JM Financial Home Loans Limited शाखा विदिशा में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रही है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त संपत्ति/प्लाट/मकान को बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कायार्लीन समय में मेरे कार्यालय में आपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करे । उक्त अवधि के पश्चात उक्त संपत्ति को JM Financial Home Loans Limited शाखा विदिशा बंधक करने के लिये अग्रसर हो जायेगा एवं ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगा सूचित हो ।

भवदीय **नीरज जैन** एडवोकेट
कार्यालय खरीफ फाटक के बाहर वार्ड नं. 30, पीतल मिल चौराहा के पास विदिशा मो. 9827543733

## यहां-वहां खड़े वाहन बने मुसीबत का कारण, पार्किंग स्थल की उठ रही मांग

# नगर का यातायात बेलगाम, ट्रैफिक पुलिस शहर के बाहर चालान काटने में व्यस्त

**जिला व पुलिस प्रशासन ने कई बार जाम को लेकर सख्ती जरूर बरती, लेकिन इसके कोई सार्थक परिणाम नहीं आए**

**नगर में आए दिन हो रहा ट्रैफिक जाम**

**अतिक्रमण की चपेट में महामाया चौक**

शहर के हृदय स्थल महात्मा गांधी प्रतिमा के समीप महामाया चौक पर छोटे दुकानदारों द्वारा हाथ ठेके पर दुकानें लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। नगर पालिका द्वारा महामाया चौक का सौंदर्यीकरण अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। वहीं वाहन मालिक अपने वाहन भी पार्किंग में खड़े न कर सड़क किनारे ही खड़ा कर देते है, जिससे व्यस्तम क्षेत्र में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यहां-वहां खड़ी गाड़ियां तथा हाथ ठेले यातायात व्यवस्था को और भी ज्यादा पेंचीदा बना रहे है। यातायात पुलिस का कोई रौब नजर नहीं आ रहा हैं, ट्रैफिक पुलिस केवल नगर के बाहर चालान काटने में व्यस्त रहती है, जबकि यातायात की व्यवस्था सुधारना अत्यंत आवश्यक है।

हाइवे से लेकर नगर के मुख्य मार्ग तक दोनों ओर वाहनों की कतार लग जाने से सबसे ज्यादा समस्या बनती है। जिसको देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने की मांग की है। दरअसल जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार जाम को लेकर सख्ती जरूर बरती गई। लेकिन इसके कोई सार्थक परिणाम नहीं आए हैं। फिर से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था के हालत जस की तस हो गए हैं। नगर के मुख्य रास्ते पर घण्टों बेतरतीब खड़े वाहन लोगों के लिए परेशानी से कम नहीं है। नगर में करीब एक दर्जन से अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां हर घंटे जाम के हालात बन जाते हैं।



### बिना परमिशन हूटर लगाकर घूम रहे रसूखदार

*सरकार द्वारा हूटर लगाने की परमिशन केवल राजपत्रित अधिकारी, मंत्री, निगम अध्यक्ष, आयोग अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित नेताओं को ही प्राप्त है। परन्तु शहर में कई रसूखदार, महामंडलेश्वर अपनी गाड़ियों में हूटर लगाकर घूम रहे हैं, जिन पर प्रशासन की कोई लगाम नहीं है।*

### वाहन पार्किंग और हाथ ठेला समस्या

नगर की सड़कों पर लोगों द्वारा यहां-वहां वाहन खड़ा करना और हाथ ठेलें सड़कों पर खड़े करने से यातायात प्रभावित हो रहा है। सुबह और शाम के समय अधिक ट्रैफिक होने से समस्या और भी गंभीर हो जाती है। दुकानदारों द्वारा कई बार शिकायत भी दर्ज कराई है, परन्तु इससे निजात मिलती नजर नहीं आती।

### नाबालिग दौड़ा रहे वाहन

*शहर में इन दिनों नाबालिग वाहनों को फर्राटे से सड़कों पर दौड़ाते नजर आ रहे हैं। व्यस्तम सड़क मार्ग पर तेजी से वाहन चलाने से कई बार ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न हो जाता है तथा नाबालिगों द्वारा दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं, परन्तु यातायात पुलिस का ध्यान इस ओर बिल्कुल नहीं जाता।*

### श्री रामलीला मैदान में हो पार्किंग व्यवस्था

◆ गांधी प्रतिमा के सामने से लेकर सागर भोपाल तिराहे तक बाजार क्षेत्र में वर्षों से पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसे लेकर श्रीरामलीला ग्राउंड की रिक्त भूमि में पार्किंग की व्यवस्था करने कई बार प्रशासन निर्देश दे चुका है। नगर पालिका की बैठकों में भी इस भूमि को पार्किंग के लिए प्रस्तावित किया जा चुका है। पिछले सप्ताह सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी कलेक्टर निर्देश दे चुके हैं। इच्छाशक्ति के अभाव में यह पार्किंग व्यवस्ता फेल पड़ी है।

इसके बाद भी नगर पालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस काम में सुस्ती दिखा रहे हैं। पार्किंग के अभाव में सड़कों पर वाहनों के खड़े होने के कारण न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बल्कि हादसे के आशंका भी बनी रहती है।

### इनका कहना है...


हम शहर की ट्रैफिक इंचार्ज लता मालवीय को ट्रैफिक सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश देंगे। ताकि यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो सके।
**- कमलेश कुमार खरपुसे,** एएसपी रायसेन।

### यहां-वहां खड़े वाहन हटें



सुबह और शाम के समय यातायात बहुत अधिक हो जाता है, जिससे शहर में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। यातायात पुलिस को यहां-वहां खड़े वाहनों को हटवाना चाहिए, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके।
**- बंटी महेश्वरी,** पूर्व श्री हिउस अध्यक्ष

### हाथ ठेले हों व्यवस्थित



सब्जी के ठेले सड़कों पर ही लगा रहें हैं, यातायात पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा है। आधी सड़क तो ठेले वाले ही रोक लेते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। अगर व्यवस्थित ठेले लगवाए जाएं तो कई हद तक यातायात ठीक हो सकता है।
**- जहीनउद्दीन,** शहर काजी।

### प्रयास की आवश्यकता



यह बात सही है कि रायसेन शहर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है, प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। छोटे दुकानदारों को भी नुकसान न हो और यातायात भी सुचारू बन सके, ऐसे प्रयास करने की आवश्यकता है।
**- अनिल चौरसिया,** श्री हिउस अध्यक्ष।

## भावांतर योजना के भंवर में फंसे किसान, मॉडल रेट से कम में बिक रहा सोयाबीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भावांतर योजना के भवन में फंसे किसान उन्हें मॉडल रेट से कम में बिक रहा है सोयाबीन तो एमएससी पर नहीं मिलेगी भावांतर की राशि ऐसी स्थिति में किसान असमंजस्य में है। रायसेन कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के तहत 1318 किसानों ने कराया है।

पिछले 24 अक्टूबर से 7 नवंबर तक भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत 135 किसानों द्वारा 2550 क्विंटल सोयाबीन मंडी में अनाज कारोबारियों को बेचा है। लेकिन सोयाबीन बेचने वाले किसानों को कभी गल्ला मंडी तो कभी जिला कृषि महकमे के आला अफसरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सोयाबीन उपज का समय पर भुगतान नहीं होने से किसान निराश है। जिला कृषि विभाग के सूत्रों के मुताबिक सोयाबीन उपज बेचने के लिए जिले भर में 9 हजार 54 किसानों द्वारा पंजीयन कराया है। जिले में लगभग 26 हजार 219 सिंचित असिंचित रकबे में सोयाबीन की बोवनी की थी। भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन खरीदी का कार्य 24 अक्टूबर से जारी है।

**तहसीलवार भावांतर योजना में पंजीयन**

| | | |
|---|---|---|
| रायसेन | – | 1318 |
| गैरतगंज | – | 4454 |
| बेगमगंज | – | 1961 |
| सिलवानी | – | 555 |
| देवरी | – | 382 |
| उदयपुरा | – | 224 |
| सुल्तानपुर | – | 101 |
| बाड़ी | – | 032 |
| गौहरगंज | – | 27 |
| बरेली | – | 20 |

### बेची सोयाबीन फसल के भुगतान का इंतजार

इसके साथ ही बेची गई सोयाबीन फसल के भुगतान के लिए भी 1-2 दिनों का इंतजार करना पड़ रहा है।वहीं, किसानों को यह भी जानकारी नहीं है कि उन्हें बेची गई फसल पर कितनी भावांतर राशि मिल सकेगी।किसानों को प्रदेश सरकार की तरफ से मिलने वाली भावांतर की राशि सोयाबीन के मॉडल रेट तय होने के बाद ही जारी हो सकेगी। जिससे कई किसान अब निराश नजर आ रहे हैं।

## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री सारंग



**रायसेन।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती समापन वर्ष के उपलक्ष्य में 15 नवम्बर को जिला खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथि में रायसेन स्थितचिड़िया टोल वन परिसर में दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितलाभ वितरण भी किया जाएगा।

## किसान सम्मान निधि की लिंक भेजकर मोबाइल हैक, 18 हजार से ज्यादा की ठगी

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा निवासी किशन लोधी पिता अर्जुन लोधी के साथ गुरुवार दोपहर के समय ठगी हो गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के नाम पर किशन लोधी के मोबाइल पर ठगों ने फर्जी लिंक भेजी। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से तीन बार में 18 हजार 437 रुपए की राशि उड़ गई। पीड़ित पहले दीवानगंज चौकी पहुंचा। वहां पर साइबर क्राइम में शिकायत करने की सलाह दी गई। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और सरकारी योजनाओं की जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट या ऐप से ही प्राप्त करें।

किशन लोधी ने बताया कि मेरे खाते से पहले 16 हजार 137 रुपए ,दूसरी बार में 2 हजार और तीसरी बार में 300 रुपए निकल गए। जैसे ही मोबाइल चालू हुआ तो मेरे मोबाइल पर मैसेज आया मैं घबरा गया। में तुरंत दीवानगंज चौकी पहुंचा वहां पर मुझे साइबर क्राइम में शिकायत करने को कहा गया। मैंने साइबर क्राइम की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत कर दी है।

मेरा सभी लोगों से अपील की अनजान लिंक आने पर उसको ना खोले। जो आज मेरे साथ हुआ है वह अन्य लोगों के साथ भी हो सकता है।

## विश्व कप विजेता क्रांति को गौंड समाज महासभा ने घर पहुंचकर दी बधाई

# मप्र की पहली अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर क्रांति ने बढ़ाया प्रदेश के साथ समाज का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गौंड समाज महासभा सिलवानी के प्रतिनिधि मंडल ने मध्य प्रदेश की गौरवशाली बेटी और विश्व कप विजेता क्रांति गौंड के गाँव पहुँचकर उन्हें सम्मानित किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। क्रांति गौंड छतरपुर जिले के घुवारा नगर की निवासी हैं और मध्य प्रदेश की एकमात्र महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में आयोजित महिला क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



क्रांति गौंड ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और समर्पण के बल पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाई। उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया, जहाँ से वे अब प्रदेश की नई प्रेरणा बन चुकी हैं। उनकी सफलता से न केवल छतरपुर, बल्कि पूरा मध्य प्रदेश गौरवान्वित है। समाज के सभी वर्गों से लोग उन्हें शुभकामनाएँ दे रहे हैं। चूँकि उनके परिवार का सिलवानी नगर से विशेष सामाजिक और पारिवारिक संबंध रहा है, इसलिए सिलवानी वासियों में भी इस उपलब्धि को लेकर गर्व और उत्साह का माहौल है।

इसी खुशी के अवसर पर गोंड समाज महासभा सिलवानी से एक प्रतिनिधिमंडल क्रांति गोंड के गाँव घुवारा पहुँचा, जिसमें जीएस मर्सकोले (प्रदेश संरक्षक, युवा प्रकोष्ठ गोंड समाज महासभा), संतोष उइके (प्रदेश सचिव, युवा प्रकोष्ठ गोंड समाज महासभा), तथा सुनील उइके (जिला अध्यक्ष गोंड समाज महासभा रायसेन) मुख्य रूप से शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने क्रांति गौंड और उनके परिवारजनों से भेंट कर उन्हें विश्व कप विजय की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्हें गोंड समाज का सामाजिक दर्शन पुस्तक भेंट की गई, जो समाज की संस्कृति, परंपरा और आदर्शों को दर्शाती है। साथ ही, क्रांति गौंड को सिलवानी आने का औपचारिक निमंत्रण भी प्रदान किया गया।

## संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने ली सांची विवि में समीक्षा बैठक

**सलामतपुर।** साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने दौरा कर निर्माण कार्यों को देखा और समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। साँची विश्वविद्यालय परिसर में उन्होंने सर्वप्रथम बोधि वृक्ष के दर्शन किए और पौधरोपण किया। बोधि वृक्ष पर मंत्रीजी का स्वागत कुलगुरू प्रो. वैद्यनाथ लाभ, कुलसचिव विवेक पाण्डेय ने किया। बोधि वृक्ष दर्शन उपरांत मंत्री महोदय ने समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों से औपचारिक भेंट की और साँची विश्वविद्यालय के नए परिसर का निरीक्षण भी किया।

मंत्री ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के एक साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की जिसमें नए परिसर निर्माण, कोर्सो एवं छात्रों की संख्या के अलावा विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

## दीवानगंज रेलवे स्टेशन की बदल रही सूरत, हो रहे कई निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज सहित कई कार्य रेलवे विभाग करा रहा है।

आने वाले समय में देश के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ दीवानगंज रेलवे स्टेशन की भी सूरत बदल जाएगी। ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर सभी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलने लगेगी। रेल मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन योजना नाम से स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर रेलवे स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। ये स्टेशन की आवश्यकताओं और संरक्षण के





अनुसार दीर्घकालिक मास्टर प्लान तैयार करने और मास्टर प्लान के तत्वों के कार्यान्वयन पर आधारित है। इसी के तहत दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर स्टील की रेलिंग लगाई गई है। साथ ही फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इस समय रेलवे स्टेशन दीवानगंज पर आरसीसी रोड सहित कई कार्य किए जा रहे हैं। अब दीवानगंज स्टेशन की खूबसूरती दिखने लगी है आने वाले समय में छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी बड़े रेलवे स्टेशनों जैसी सुविधाएं मिलने लगेगी।

हालाकि दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज कम है जिस कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है 3 किलोमीटर घूमकर फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज पहुंचते हैं ।

## मध्यभारत सेवा भारती की कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सेवा भारती, मध्यभारतसेवा भारती की नवनिर्मित कार्यकारिणी का प्रथम प्रशिक्षण वर्ग संपन्न। सेवा भारती का यह वर्ष चुनावी वर्ष होने के कारण कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में बदलाव हुआ। आज दिनांक 9 नवंबर 2025 को मातृछाया परिसर सभागार में नवीन कार्यकारिणी का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ।

इस वर्ग में प्रांत कार्यकारिणी, प्रांत के समस्त आयाम प्रमुख और विभाग समन्वयकों की अतिरिक्त कुछ विशेष आमंत्रित सदस्यों का आगमन हुआ।वर्ग के प्रारंभ में दीप प्रज्वल हुआ जिसमें श्री विक्रम सिंह जी प्रांत सेवा प्रमुख, डॉक्टर पी एस बिंद्रा अध्यक्ष, श्री चेतन गिरी कार्यकारी अध्यक्ष और श्रीमती किरण शेजवार वरिष्ठ



उपाध्यक्ष सम्मिलित हुए। पहले सत्र में श्री विक्रम सिंह जी ने देश में सेवा कार्य और सेवा भारती की प्रस्तावना रखा। तदुपरांत डॉ बिंद्रा जी ने प्रांत में चल रहे कार्यों की विशेषता का वर्णन किया। दूसरे सत्र में आयाम आधारित आयाम प्रमुखों ने पीपीटी के माध्यम से प्रांत पर चल रहे कार्यक्रमों की विस्तृत विवरण की जानकारी दिया और उसके बाद विभाग समन्वयको ने अपने विभाग के अंदर चल रहे सेवा कार्यों का वर्णन किया।

## ग्राम चौपाल में 15 जाति प्रमाण पत्र और 34 आयुष्मान कार्ड किए वितरित

# सांकल में लगी चौपाल, कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणें की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही हो जाए तथा योजनाओं का लाभ भी सुगमता से मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले के गांवों में ग्राम चौपाल आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा स्वयं इन ग्राम चौपालों में ग्रामीणों से गांव के विकास, शासन की योजनाओं का लाभ पाकर स्वरोजगार स्थापित करने के संबंध में चर्चा की जा रही है। साथ ही इच्छुक ग्रामीणों से मौके पर ही आवेदन भरवाकर आगामी कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

जिला अधिकारियों के ग्राम चौपाल में ही उपस्थित रहने से प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही हो रही है और समस्याओं का भी त्वरित समाधान हो रहा है। प्रायः ग्राम चौपालों में प्राप्त होने वाले आवेदनों में से लगभग 70 प्रतिशत आवेदनों का त्वरित निराकरण हो रहा है। शेष आवेदनों के निराकरण की भी समयावधि निर्धारित की गई है।



इसी क्रम में गुरूवार को गैरतगंज जनपद पंचायत के ग्राम सांकल में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। जिसमें कलेक्टर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि इस ग्राम चौपाल में जिला स्तरीय और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित हैं। ग्राम चौपाल के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं से लाभान्वित करना है। ग्राम चौपाल में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच जरूर कराएं। डॉक्टर्स द्वारा जांच के साथ ही आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेती की पैदावार में तो वृद्धि हो गई, लेकिन आमदनी में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई। किसान भाई और ग्रामीण अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन अपनाएं, यह एक आय का एक अच्छा जरिया है। शासन द्वारा योजनाओं के माध्यम से पशुपालन के लिए कम ब्याज दर पर बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान करने के साथ ही ज्यादा दुधारू नस्ल के गाय-भैंस उपलब्ध कराए जाते हैं।

इसके अलावा सब्जी, फूल, फल, मसाला सहित अन्य उद्यानिकी फसलों की खेती करके भी अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। जो किसान भाई या ग्रामीण पशुपालन के इच्छुक हैं उनके योजनाओं के तहत यहीं आवेदन भरवाए जा रहे हैं तथा स्वीकृति की कार्यवाही भी शीघ्रता से होगी।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने अन्य विभागों की भी विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर ने सरकारी राशन दुकान के निरीक्षण में देखी खाद्यान्न की गुणवत्ता

ग्राम चौपाल के उपरांत कलेक्टर ग्राम में स्थित सरकारी राशन दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने हितग्राहियों को दिए जाने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता देखी तथा स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने सेल्समेन से हितग्राहियों की संख्या और खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को हर महीने तय मात्रा अनुसार खाद्यान्न बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से भी राशन दुकान नियमित खुलने, समय पर और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण होने के बारे में भी जानकारी ली।